# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

*ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

क्र. 1245/पूरक/परीक्षा /2021 दुर्ग, दिनांक 08.09.2021

## //अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से मुख्य परीक्षा 2020–21 में शामिल ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें स्नातक स्तर की कक्षाओं यथा–बी.ए./बी.एससी./बी.एससी. (गृह विज्ञान)/बी.सी.ए./ बी.कॉम. भाग–01, 02 एवं 03 तथा बी.एससी.बी.एड. व बी.ए. बी.एड. भाग–01, 02, 03 एवं 04 के परीक्षा परिणाम में पूरक की पात्रता प्राप्त हुई है उनके लिए विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से **पूरक परीक्षा–2021** हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भराया जाना है, जिसकी तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

**1. परीक्षा आवेदनः–**

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | जिन परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं उनके ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की तिथि | 10.09.2021 से 16.09.2021 |
| 02 | परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 17.09.2021 तक |
| 03 | महाविद्यालयों द्वारा समस्त परीक्षा आवेदन को विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 21.09.2021 तक |
| 04 | जिन परीक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं उनके परीक्षा आवेदन फार्म परिणाम जारी होने के पश्चात 07 दिवस तक भरे जा सकेंगे। | |

**2. परीक्षा शुल्क :–**

- **समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क के रूप में रू. 100/– का भुगतान करना होगा।**
- विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 15 फरवरी 2002 मे लिये गये निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क से छूट दिया जावेगा।

**3. परीक्षार्थियों के लिए निर्देशः–**

- परीक्षार्थियों को कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन करना होगा।
- परीक्षार्थी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से परीक्षा आवेदन फार्म ऑनलाईन पद्धति से जमा करेंगे।
- परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in ⇨ Quick Links ⇨ Online Exam Form :- Supplementary Exam 2021 ⇨ Student Login कर पूर्व में उपयोग की गई अर्थात (मुख्य परीक्षा 2021) की यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड के माध्यम से परीक्षा फार्म भरेंगे।
- परीक्षार्थी https://durg.ucanapply.com/smartexam/public/ के माध्यम से भी परीक्षा आवेदन फार्म भर सकते हैं।
- यदि परीक्षार्थी अपना आई.डी. अथवा पासवर्ड भूल गये हैं तो वे Forget Password के माध्यम से इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।
- जिन कक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, उनके संबंधित परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा परिणाम जारी होने के 07 दिवसों के भीतर ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

- परीक्षार्थियों को मुख्य परीक्षा 2021 के परीक्षा परिणाम की इंटरनेट से प्राप्त अंकसूची की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी।
- परीक्षार्थी की आई.डी. पर ऑनलाईन किए गये परीक्षा आवेदन की एक प्रति Save रहेगी जिसे वे आवश्यकता पड़ने पर कभी भी प्रिंट निकाल सकते हैं।
- यदि ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरते समय किसी प्रकार की समस्या आती है तो परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 9713387094 / 7225940167 पर फोन के माध्यम से अथवा onlinehelp@durguniversity.in पर ई–मेल कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।
- परीक्षार्थियों हेतु प्रश्न पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईड www.durguniversity.ac.in के Quick links पर समय सारिणी अनुसार अपलोड किया जाएगा।
- परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र से विषय का मिलान कर संबधित प्रश्न प्रत्र को ही हल करें।

**4. महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र के लिए निर्देशः–**

- कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र शासन द्वारा जारी गाईडलाईन्स का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे।
- परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की एक प्रति संबंधित महाविद्यालय के पोर्टल पर भी अपलोड हो जायेगी। जिसका अवलोकन संबंधित महाविद्यालय द्वारा किया जा सकता है। कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र में जमा करना अनिवार्य है।
- महाविद्यालय परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म की जांच एवं संबंधित पाठ्यक्रमों के संबंधित अध्यादेश के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र (आवश्यक दस्तावेजों सहित) परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।
- जिन कक्षा / विषयों की सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है, उनके परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित न किए जाएं।
- गोसवारा / नामिनल रोल विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।
- यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के पात्रता न होने पर भी उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित कर दिए जाते हैं एवं विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षणोपरांत उसका परीक्षा आवेदन निरस्त कर दिया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी, परंतु यदि ऐसे अपात्र परीक्षार्थी किसी प्रकार से परीक्षा में शामिल हो जाते हैं तो उनके परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिये जायेंगे।

**माननीय कुलपति महोदया के आदेशानुसार**

**कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय**

पृ.क्र.1246 / पूरक / परीक्षा / 2021 दुर्ग, दिनांक 08.09.2021

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय / तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / वित्त अधिकारी / उ.कु.स. परीक्षा / अकादमिक / गोपनीय एवं संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र / पत्रिकाएं दुर्ग / बेमेतरा / राजनांदगांव / कबीरधाम / बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय**